दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 308 मुरादाबाद 08 March 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मैं तारीफ तब करता जब...', 'ऑपरेशन गंगा' पर अखिलेश यादव का बयान




उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सातवें चरण के मतदान के बीच समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने रूस-यूक्रेन में जारी युद्ध के दौरान भारत सरकार द्वारा भारतीयों की निकासी को लेकर कहा कि वाराणसी में चुनाव की वजह से %ऑपरेशन गंगा नाम दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ना जाने कौन से अंतरराष्ट्रीय पहचान का दावा करती है। केंद्र सरकार यूक्रेन से भारतीयों का रेस्क्यू करने में असफल रही है। अगर उन्होंने भारतीयों को सीधे यूक्रेन से रेस्क्यू किया होता तो मैं इसकी तारीफ करता। साथ ही अखिलेश ने कहा, %जनता इस बार डबल इंजन की सरकार की पटरियों को उखाड़ने के लिए तैयार है। लगभग 300 सीटें सपा गठबंधन जीतेगा। बता दें कि जिले की 10 विधानसभा सीटों के लिए 36 लाख, 45 हजार, 548 मतदाता जिले के दस जनप्रतिनिधियों की किस्मत लिखेंगे। चुनाव के अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश के कई मंत्रियों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा। इनमें पर्यटन मंत्री नीलकंठ तिवारी (वाराणसी दक्षिण), अनिल राजभर (शिवपुर-वाराणसी), रविंद्र जायसवाल (वाराणसी उत्तर), गिरीश यादव (जौनपुर) और रमाशंकर पटेल (मड़िहान-मिर्जापुर) शामिल हैं। इसके अलावा विधानसभा चुनाव से ऐन पहले भाजपा छोड़कर सपा में गए पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान (घोसी-मऊ) और भाजपा का साथ छोड़कर इस बार सपा से गठबंधन कर चुनाव लड़ रहे सुभासपा अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर (जहूराबाद-गाजीपुर), गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी (मऊ सदर) तथा बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह (मल्हनी-जौनपुर) की उम्मीदवारी वाली सीट पर भी इसी चरण में ही वोट डाले जा रहे हैं।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पूर्ववर्ती छह चरणों में 349 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो चुका है। अंतिम चरण के लिए मतदान जारी है। प्रदेश में सात चरणों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आगामी 10 मार्च को घोषित किए जाएंगे।

## पीएम मोदी ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों से की बात, सीधी बातचीत का दिया सुझाव



रूस की ओर से यूक्रेन पर हमले के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से फोन पर बात की है। दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच हुई बातचीत पीएम मोदी ने यूक्रेनी शहर सूमी में फंसे सैकड़ों भारतीयों को निकालने के लिए समर्थन की मांग की। दरअसल, यूक्रेन के सूमी शहर में अभी करीब 700 भारतीय फंसे हुए हैं जिनमें ज्यादातर छात्र है। भारत का मुख्य फोकस इन लोगों की सुरक्षित निकासी का रहा है। भारी रूसी गोलाबारी और हिंसा के कारण देश के पूर्वी हिस्से के अन्य क्षेत्रों सहित पूरे यूक्रेन से लगभग 16,000 भारतीय नागरिकों को निकाला गया है। घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने बाताय कि पीएम मोदी ने पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से बात की और सूमी से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए जारी कोशिशों के लिए यूक्रेनी सरकार से निरंतर समर्थन मांगा है। 35 मिनट की बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने यूक्रेन में उभरती स्थिति पर चर्चा की और पीएम मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा सीधी बातचीत की सराहना की। लोगों की माने तो पीएम मोदी ने भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए यूक्रेनी सरकार द्वारा दी गई मदद के लिए जेलेंस्की को धन्यवाद दिया। जेलेंस्की से बात करने के ठीक बाद पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की और सूमी से भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुतिन ने पीएम मोदी को उनके नागरिकों की सुरक्षित निकासी के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पीएम मोदी और पुतिन के बीच फोन पर करीब 50 मिनट तक बातचीत चली है। दोनों नेताओं ने यूक्रेन में उभरती स्थिति पर चर्चा की है। पुतिन ने पीएम मोदी को यूक्रेन और रूस की टीमों के बीच बातचीत के बारे में भी जानकारी दी है। घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने कहा कि पीएम मोदी ने पुतिन से अपनी टीमों के बीच चल रही बातचीत के अलावा जेलेंस्की के साथ सीधी बातचीत करने का आग्रह किया। लोगों ने कहा कि पीएम मोदी ने रूसी सेना की ओर से युद्धविराम की घोषणा और सूमी सहित यूक्रेन के कुछ हिस्सों में मानवीय गलियारा बनाए जाने की सराहना भी की। इसके अलावा पीएम मोदी ने दोनों देशों से हिंसा की तत्काल समाप्ति के अपने आह्वान को भी दोहराया और कहा कि भारत हमेशा से मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान और दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत के लिए खड़ा रहा है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा की सरकार बनने के प्रति आशवस्त, बोले-हमारे पक्ष में छह चरण के रुझान



उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए जारी मतदान के बीच में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने को लेकर आशवस्त हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब तक छह चरण के मतदान के बाद आए रुझान भाजपा के पक्ष में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का चुनाव अब निर्णायक दौर में आ चुका है। अब तक छह चरणों में रुझान भाजपा के पक्ष में है। हमने प्रदेश में पांच वर्ष में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया है। हमने जनता से जो कहा था वो करके दिखाया है। भाजपा की सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश का चौतरफा विकास हो गया है। पांच वर्ष में उत्तर प्रदेश में बहुत कुछ अभूतपूर्व हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के एक लाख गांव बिजली से रोशन हुए हैं। हमने 2.61 लाख घरों में शौचालय की सुविधा दी है। 43 लाख 50 हजार परिवारों को आवास मिला है। चूल्हे की जगह रसोई गैस किसी क्रांति से कम नहीं आयुष्मान योजना से गरीबों को मदद मिली है। वाराणसी आज चिकित्सा सुविधा का हब है। डबल इंजन की सरकार प्रदेश में चिकित्सा, के साथ शिक्षा का भी विकास कर रही है। हमारी सरकार के कार्यकाल में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण तथा काशी धाम का कायाकल्प हो गया है। पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। इससे पहले बीते पांच वर्ष में उत्तर प्रदेश में गुंडा तथा माफियाराज था। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है आज यूपी में सुरक्षित माहौल है। हमने अपराधी, माफिया तथा दंगाइयों पर अंकुश लगाया है। उन्होंने कहा कि हमने 2017 में लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी किया था। उसमें जो एक वादे किए गए थे ,उन सब को पूरा किया। हमारा संकल्प वही जिसका कोई विकल्प नहीं और उसको भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया। हमने पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लागू किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक बार फिर से आयेगी और हमने लोक कल्याण संकल्प पत्र पहले ही जारी कर दिया है। उसमें किए हर वादे को पूरी प्रतिबद्धता के साथ सरकार पूरा करेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने कार्यकाल में कोरोना प्रबंधन का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी के कोरोना प्रबंधन को दुनिया ने सराहा है। इस कठिन काल में करोड़ों परिवारों तक मुफ्त राशन पहुंचाया गया।

# आगामी त्यौहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार चौकी प्रभारी राजपुर मोड़ उप निरीक्षक सुनील कुमार द्वारा थाना सिरसिया के चौकी राजपुर मोड़ पर आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी व अन्य संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई।मीटिंग में उपस्थित सभी संभ्रांत लोगों से वार्तालाप कर समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने व पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही साथ कोविड-19 से सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिगत सामाजिक दूरी का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करें तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। जिससे समय रहते कार्यवाही की जा सके।


# दुष्कर्म के बाद 9 वर्षीय बच्ची हत्या, आरोपी गिरफ्तार



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - कोतवाली इगलास कस्बे के एक मोहल्ले में 9 वर्षीय बच्ची का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने के बाद आसपास इलाके में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया कस्बे की रहने वाले एक परिवार की 9 वर्ष की बच्ची जो नहीं मिली तो परिजनों के द्वारा उसकी खोजबीन शुरू कर दी। बच्ची का शव हाथरस रोड पर स्थित बगीची के पास पड़ा मिला। वही मृतिका की बहन का कहना है। उसे पड़ोस का ही युवक चीज दिलाने के बहाने ले गया था। मृतका की मां के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया उसकी बच्ची की गलत काम करने के बाद हत्या की गई और आरोपी शव के पास ही मडराता हुआ मिला है। युवक बच्ची का रिश्ते का मुंह बोला मामा है। पुलिस ने आरोपी युवक मनोज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से बच्ची के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।


# 300 ग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर मय हमरा द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विनय सिंह पुत्र उत्तम सिंह निवासी मनकौरा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती 300 ग्राम नाजायज गांजा के साथ ग्राम मकुनी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 83/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया।

## मैरिस रोड चौराहे पर दूषित हवा को शुद्ध करेगा एयर प्यूरीफायर



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


अलीगढ़ - मैरिस रोड चौराहे पर दूषित हवा को शुद्ध करने के लिए एयर प्यूरीफायर लगाया जा रहा है। चौराहे को लाइटों से भी सजाया गया है। पेंटिंग एवं ग्रीन कॉर्नर का काम अभी चल रहा है। कुछ समय पहले मंडलायुक्त गौरव दयाल एवं स्मार्ट सिटी के सीईओ गौरांग राठी ने शहर के उद्यमी, कारोबारी एवं प्रबुद्ध लोगों से चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए सहयोग मांगा था। उसका परिणाम सामने आ रहा है। एयर प्यूरीफायर के साथ ही चौराहे पर सेंसर लगाया गया है। इससे प्रदूषण के स्तर का पता चल सकेगा।

# यूपी में चुनाव खत्म, 10 मार्च को होगा फैसला



यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के अंतिम चरण के रण में आज पूर्वांचल की 54 सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गगा। इन सीटों पर दो करोड़ से अधिक मतदाता 613 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद करेंगे। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं। मतदान को लेकर यूपी में उत्साह देखने को मिल रहा है। सबसे पहले वोट डालने की इच्?छा लिए कई बूथों पर लोग सुबह साढ़े छह बजे से जुटने लगे थे। कई बूथों पर लंबी कतारें लगी हैं। आज के चुनाव में कई दिग्गजों की साख दांव पर है। इनमें सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, मुख्तार अंसारी के बेटे अब?बास अंसारी, धनंजय सिंह और दारा सिंह चौहान प्रमुख हैं। आज जिन जिलों में नौ जिलों में मतदान होना है उनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी और समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ के अलावा गाजीपुर, मऊ, जौनपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र और चंदौली शामिल हैं। सपा की शिकायत, जौनपुर में जदयू प्रत्याशी बूथ पर धमका रहे मतदाताओं को उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में सोमवार को हो रहे मतदान के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) ने जौनपुर में मतदान केन्द्र पर जनता दल (यू) के प्रत्याशी धनंजय सिंह द्वारा मतदाताओं को धमकाने की चुनाव आयोग से शिकायत की है।

## गर्मी की आहट के साथ दोगुना हुये भूसे के दाम, दूध के दाम भी उछले



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- बढ़ती महंगाई का असर पशु आहार पर भी दिखने लगा है। भूसे का भाव बढ़ गया है। इन दिनों पशुपालकों को भूसा उपलब्ध नहीं हो रहा है। जिन लोगों पर स्टाक है वह या तो बेच नहीं रहे या फिर मनमाने दाम मांगते हैं। कुछ माह पहले तक 800 रुपये कुंतल बिकने वाला भूसा आज 1500 रुपये कुंतल बिक रहा है। तमाम पशु पालक भूसे की जगह चारे के रुप में ईख पशुओं को खिला रहे हैं। वहीं, गर्मी बढ़ने के साथ दूध का उत्पादन कम हो रहा है। इसका सीधा असर दूध कारोबार पर दिख रहा है। बाजार में दूध के भाव में पाँच रुपये प्रतिलीटर का उछाल आ गया है। जिससे अब 55 से 60 रूपये लीटर तक बिक रहा है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

## गर्भवती और बच्चों के टीकाकरण को जुटेंगी टीमें, मिशन इंद्रधनुष के तहत आशाओं को दिया प्रशिक्षण



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीएसवी और बीसीपीएम ने सघन मिशन इंद्रधनुष के तहत छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लिए प्रशिक्षण दिया गया ठाकुरद्वारा नगर चिकित्सा अधीक्षक डॉ मोहम्मद असलम ने बताया कि कोविड-19 की वजह से बहुत अधिक बच्चे और गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से छूट गए थे जिसमें चिकित्सक अधीक्षक मोहम्मद असलम द्वारा टीम बनाई गई है ओर सघन अभियान चलाया जायेगा इसके लिए सघन मिशन इंद्रधनुष तीन बार में 7 मार्च से इसके बाद 4 अप्रैल और उसके बाद 2 मई से शुरू किया जायगा तीन राउंड में शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा वे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण की सफलता के लिए टीएसवी रुखसाना और बीसीपीएम लीलावती ने प्रशिक्षण दिया

# ठाकुरद्वारा स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल लेने के लिए लगी ट्रेक्टरों वे बाइको की कतार

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने की अटकलों के साथ सोमवार को पेट्रोल पंपों पर डीजल लेने के लिए लोगों की कतार लगी रहीं रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ रही है। जिससे लोगों को कीमतें बेहताशा बढ़ने की चिंता सताने लगी है। चुनाव के बाद डीजल और पेट्रोल की कीमत में 10 से 15 रुपये की बढ़ोतरी की अटकलें तेज हो गई हैं इसके चलते नगर से लेकर देहात तक पेट्रोल पंप से डीजल खरीदने के लिए लोगों की लाइनें लग रहीं पिछले दो दिन में पेट्रोल व डीजल की डेढ़ गुणा बिक्री बढ़ गई है किसान डीजल का स्टॉक लगाने में जुटे हैं सोमवार को ठाकुरद्वारा में मुरादाबाद रोड स्थित पेट्रोल पंप कई जगह डीजल की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी रही। वहीं, कुछ पेट्रोल पंप संचालक भी स्टॉक लगाने में जुटे हैं। जिसके चलते ग्राहकों को लौटाया जा रहा है लोगों को तेल के दाम सौ के पार पहुंचने की आशंका, से किसान घबरा रहा है यही हाल आम जनता का भी है पहले ही महंगाई की मार से त्रस्त जनता अब भर्ती डीजल पेट्रोल की कीमतों ने किसान मजदूर असहाय दबे कुचले वर्ग की तोड़ी कमर कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से लोगों को आशंका है कि चुनाव के बाद डीजल व पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए जाएंगे और इस बार यह सौ के पार पहुंच जाएंगे। फिलहाल डीजल का दाम 86.95रुपये प्रति लीटर है और 10 से 15 रुपये डीजल के दाम बढ़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। वही पेट्रोल 95,43 है जिससे लोग डीजल वे पेट्रोल स्टॉक करने की जुगत में हैं पेट्रोल पंपों पर बढ़ गई बिक्री डीजल की कीमत बढ़ने को लेकर चल रही अटकलों के कारण पंपों पर बिक्री डेढ़ गुणा बढ़ गई है पेट्रोल पंप पर मौजूद लोगों ने बताया कि उनके बड़े रेटो के उसे तेल लेकर घर जा रहै है दाम कब बढ़ जाये कुछ कहा नही जा सकता

## राष्ट्रीय गौरक्षक दल जिला अध्यक्ष ने पदभार दे कराई शपथ ग्रहण



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- राष्ट्रीय गौरक्षक दल जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान ने टीम विस्तार करते हुए एडवोकेट सुरेन्द्र कुमार शर्मा को जिला मुरादाबाद टीम में जिला प्रवक्ता का पदभार देकर शपथ ग्रहण कराईं इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉक्टर गीता शर्मा मौजूद रहे सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने पदभार ग्रहण कर गौसेवा करने का संकल्प लिया और कहा कि गौमाता पर अत्याचार बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हमें इंसानियत मानवता को ध्यान में रखते हुए यह याद रखना चाहिए हम सब प्राणी हैं प्राणी को प्राणी है प्रेम करना चाहिए यही इंसानियत मानवता की पहचान है मानवता को शर्मसार ना होने दें सभी एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करें यह है असली मानव की पहचान सभी लोगों से निवेदन करते हैं कि गौसेवा हेतू समाज को भी जागरूक होना है गौमाता की अपनी यथा शक्ति मदद सेवा करने के लिए आगे आयें जैसे पहली रोटी गौमाता के लिये निकालते हैं उसी प्रकार घर में कोई छोटा बड़ा प्रोग्राम करें तो गौमाता की सेवा प्रति कुछ न कुछ अवश्य करें कर्म अच्छे करें कर्म ही पूजा है मानव को यह नहीं भूलना चाहिए

## ठाकुरद्वारा नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर पालिका परिषद ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत ठाकुरद्वारा नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें नालियों व गलियों की सफाई की गई। साथर ही सफाई नायक ने अपील की है कि घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखें। कचरा गाड़ी आने पर ही डाले वेक्टर जनित व संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है नगर पालिका परिषद को शहर में साफ-सफाई व जलभराव और लार्वा नाशक दवा के छिड़काव की जिम्मेदारी है। अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर पालिका की टीम ने नगर के सेक्टर न01 सेक्टर न02 के वार्ड नं0 5,,4,,13,,6 में विशेष अभियान चलाया जिसमें मुहल्ला की विभिन्न सड़कों पर खाली प्लाटों पर सफाई की गई वार्ड की गलियों में दवा का छिड़काव भी किया गया। कचरा का उठान किया गया। इस दौरान सफाई नायक मोनू बेदी चंचल ने मुहल्लावासियों से अपील की है कि घरों के आसपास गंदा पानी जमा न होने दें घर के कचरा को खाली प्लाट, सड़क पर न फेंके। डस्टबिन में रखें और नगर पालिका की कचरा गाड़ी आने पर डाल दें इस दौरान सफाई नायक, वे सफाई कर्मचारी आदि मौजूद रहे

## सस्ता सरिया बेचने के नाम पर एक लाख रुपये ठगे

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के गांव मानावाला में सस्ता सरिया बेचने का मामला सामने आया है पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस को प्राथना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है मानावाला धीरज कुमार के मकान का निर्माण चल रहा है प्रदीप पुत्र रामस्वरूप मकान में राजमिस्त्री का काम कर रहा है धीरज ने बताया कि चूल्हाखान गढ़वल का संदीप नामक व्यक्ति राजमिस्त्री के पास और सस्ता सरिया दिलाने की बात कही संदीप ने सरिया देने के लिए धीरज से एक लाख रुपये ले लिए और चला गया कुछ देर बाद नमन अग्रवाल नामक व्यक्ति सरिया लेकर आ गया उसने धीरज से सरिया के पैसे मांगे तो उसने कुछ देर पहले ही एक लाख रुपये का भुगतान करने की बात कही नमन ने भुगतान न मिलने पर सरिया नहीं दिया और वापस ले गया पीड़ित धीरज को एक लाख रुपये का चुना लग गया उसने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Impact on science

The impact of the Russo-Ukraine war is beginning to be seen on science as well. As far as these two countries are concerned, scientific research has almost stopped. Even during the First and Second World Wars, positive research had almost stopped and even good scientists were engaged in the military service of their respective governments.

The list of such scientists is long, who were engaged in making war equipment. Hitler had made terrible misuse of science and scientists. Now with the escalation of the Russo-Ukraine war, it is not surprising that the attention of all the military-powers and superpowers of the world becomes more towards negative activities. How war affects education, we are already seeing in the problem of students returning from Ukraine. The universities or scientific institutions of Ukraine which are engaged in research work, they will have to stop the work due to lack of money.

Several reports suggest that the scientific fraternity in Russia too is stunned and stagnant."On the other hand, the American organization NASA has also made it clear that its first crewed Artemis mission will not be launched before 2026. This news comes after NASA notified the delay of Artemis-1, crewless flights around the Moon. This means that America's manned-moon mission will by no means be completed before 2025. The impact on space exploration has begun not only in America, but all over the world. The negative effect of ground events is beginning to ripple in space. From the rocket launch system to the proposed rover to explore Mars, the impact is clear. The tension of war has turned the world astray.

A wide range of space missions are being postponed or canceled due to rising tensions. The European Union, the US and many others have imposed sanctions on Russia; As a result, Russia is constantly changing or canceling its space-related plans. Everyone knows the dependence of space science on Russia, so science or space science is going to be affected in many countries."It seems that the joint Mars mission of Russia and the European Union will also go astray. After many years of efforts, Russia and Europe had come closer, but now a cloud of doubt has started looming.

Russia and Germany were running the space-based Erosita telescope system, do not know what will happen to this scientific campaign now? Navigation satellites and OneWeb Internet networks are also set to be affected. The International Space Station has not yet been affected, but in the coming days, America may try to separate Russia from this station. The world which had walked together towards the achievements of science seems to be getting injured. There is no effect on China yet, but scientists know very well, China will be the most benefited from this war. Worryingly, Beijing's credibility is not the same as that of the US or Russia. China has not yet shared the corona related investigation with the world. It is in the good of the world that the war ends at the earliest and science moves in a positive direction again.

# When Mahi Vij had revealed the secrets of his 'previous birth' - the princess got the punishment of love for her servant...

Mahi Vij is away from the screen these days and is spending quality time with her family. She keeps sharing cute videos of her daughter Tara. Mahi Vij has also appeared in many serials and music videos. In the year 2009, she got a lot of popularity in the role of 'Nakusha' in Laagi Tujhse Lagan. After this there was a serial 'Raj Past Janam Ka', many celebs came in this show. Mahi Vij had also arrived. In the show, he told some such things, which science does not accept. Although the show was in the news at that time and also the story of Mahi Vij's 'Pheet Janam'. The show used to show the connection of the past with the present - there is no scientific basis for reincarnation. Some people believe in this and some don't. In the year 2010, a show came on Imagine TV in which Dr. Trupti Jain used to try to know the secrets of past births of people. It was shown that she reminds people of old things by resorting to past life regression. By doing this, people tried to find the connection of the fears and troubles of this birth in their past. Many celebs came in this show. Mahi Vij was also one of them. Although many people protested, calling the show scripted and spreading superstition, Mahi was punished for love! In the show, Mahi Vij was shown telling during the regression that she was the beautiful Egyptian princess Sophia in her previous life. It was the time of 1838. He falls in love with his palace servant. When the king finds out, the boy is pushed off the top of the hill. As a punishment, Mahi is kept in a dark room where she lives alone. In that dungeon, Mahi learns that she is pregnant. Mahi remembers and tells Dr. Trupti that Jai Bhanushali is her past life lover in this birth. Mahi also told that she now understands why she is afraid of dark rooms and heights in this birth. Mahi had also said in a press note that he did not believe in all these things, but the experience of the show was such that it was believed. There were different opinions. While many people thought that the show was scripted, many also believed in it. Although the show was also watched from the point of view of entertainment. The show also got negative reviews. Also there were reports that on the complaint of a person from Punjab, the High Court had also sent a notice against the show to the TV channel.



# Deepika shared beautiful pictures of Spain

Mumbai. Bollywood actress Deepika Padukone has shared beautiful pictures of Spain on social media. Deepika Padukone is in Spain with Shah Rukh Khan and John Abraham to shoot for her film Pathan. Deepika has shared many pictures of Spain. Deepika Padukone shared pictures on her Instagram account. In the first of these pictures, Deepika shared the picture of the blue sea. Which she captioned Escape Time, while some pictures are of the sparkling city of Spain, through which Deepika has tried to show the city lights. Apart from this, Deepika has also shared a boomer rang full of trees and plants. Along with this, Deepika has also shared a picture of herself without makeup and wrote in the caption that Lazy Sunday. Recently the teaser of the film Pathan has been released. The film Pathan will be released in theaters on January 25, 2023.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# बाबू गंज मार्केट के दुकानदारों का रोड पर अवैध कब्जा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बाबू गंज मार्केट के अंदर अहमद कंपलेक्स के दुकानदारों का रोड पर अवैध कब्जा कर बैठे हैं लोगों को आने जाने में परेशानी है इस कारण महिलाओं को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है क्योंकि सबसे ज्यादा या महिलाएं सामान खरीदने आती है मगर इस परेशानी का अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है नाही नगर पालिका ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है इसके लिए और नगर कोतवाली में इसके लिए हम लोगों ने नगर कोतवाली मैं तहरीर भी दी है इसके बावजूद अभी तक पुलिस प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया इसी तरह अगर मार्केट में अतिक्रमण हो बढ़ता रहा तो आने वाले समय में काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है मार्केट की जो पीछे की दुकानदार है उन सभी का यह कहना है कि आगे जितने भी दुकानदार हैं सब की ठगंआईऔर सबका रोड पर अतिक्रमण कर रोड को बंद कर देना उसकी वजह से उनके व्यापार पर काफी असर पड़ रहा है अगर इसका समाधान जल्द से जल्द नहीं निकला व्यापारियों का कहना है के वह मजबूरन धरना प्रदर्शन करने के लिए कदम उठाना पड़ेगा व्यापारी गुड्डू कुरेशी व्यापारी मोहम्मद असलम व्यापारी इकरार हुसैन ,यासिर खान व्यापारी मुजीब व्यापारी दानिश कुरेशी व्यापारी संजू भाई व्यापारी फैजान खान व्यापारी सेभी खान व्यापारी इमरान खान व्यापारी मोहम्मद साहिल व्यापारी अनुज जैन , लाला प्रवीण

***अन्य खबरों के लिए देखे***
**WWW.KNLSIVE.COM**

# महंगाई भत्ता संघर्ष मोर्चा चारामा ने दिया ज्ञापन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-चारामा- महंगाई भत्ता संघर्ष मोर्चा चारामा द्वारा जिला संचालक स्वदेश शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम 14 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं सातवे वेतनमान के आधार पर गृह भाड़ा भत्ता देने हेतु अनुविभागीय अधिकारी चारामा को ज्ञापन दिया गया , जिला संचालक स्वदेश शुक्ला जी ने बताया कि कर्मचारी ,अधिकारियों का विगत 3 वर्षों से मंहगाई भत्ता लंबित है जो वर्तमान में 14 प्रतिशत है जिसके कारण अधिकारी एवं कर्मचारियो को महंगाई के दौर में प्रतिमाह आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है एवं वर्तमान मे अधिकारी कर्मचारियों को गृह भाड़ा भत्ता छटवे वेतनमान के आधार पर दिया जा रहा है जबकि वर्ष 2016 से सातवा वेतनमान लागू हो चुका है इस हेतु सातवे वेतनमान के आधार पर गृह भाड़ा भत्ता की मांग सरकार से कर रहे है द्य मांग पूरा नही होने की स्थिति में चरण बद्ध आंदोलन किया जाएगा ज्ञापन देने वालों में जिला सह संचालक पुरुषोत्तम सोनवंशी, राजेन्द्र खुडश्याम, ब्लाक संचालक पुरुषोत्तम मेश्राम, मनीष तिवारी ब्लाक सह संचालक बोधन साहू, चिन्तामणि यादव, नीलूरजक, पवन जैन, हरिराम सौंदर्य, मिथलेशकर शर्मा, चन्द्रेश्वर सेवता, दिलदार मरकाम, भुनेश्वर कोड़ोपी भूपेंद्र नागराज, रुद्र यादव, बसंत लांजेवार, सुभाष मिश्रा, गोपी किरी, किशुन ठाकुर,नन्दकिशोर उपाध्याय, नमिता जैन, कुसुम साहू, अनिता यादव , इंद्राणी कटेन्द्र, किरण पटेल,नीलेश राय, योगेन्द्र चंद्राकर, कुश मेश्राम, सुभाष , बिरघुराम मंडावी और बहुत से कर्मचारी उपस्थित थे

# ऑटो चालक और उसके दोस्तों ने मिलकर युवती के साथ किया गैंगरेप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अवैध रूप से चलने वाले ऑटो चालकों की शिकार हुई युवती ऑटो चालक और उसके दोस्तों ने मिलकर युवती के साथ किया गैंगरेप रामबाग से ऑटो में बैठी थी युवती बुढ़िया के ताल पर ऑटो चालक ने दो दोस्तों को ऑटो में बैठाया बुढ़िया के ताल पर गेंहू के खेत में ले जाकर युवती के साथ गैंगरेप की घटना को दिया अंजाम ऑटो चालकों का लगातार बढ़ रहा आतंक रामबाग से दर्जनों की संख्या में अवैध रूप से चल रहे ऑटो फर्जी नंबर और फर्जी रजिस्ट्रेशन पर चल रहे ऑटो अधिकतर लूट और टप्पे बाजी की वारदात को अंजाम देते है अवैध ऑटो चालक कई बार ऑटो चालकों द्वारा अंजाम दी जा चुकी हैं लूट, टप्पेबाजी और दुष्कर्म जैसी घटनाएं रामबाग पुलिस चौकी के सामने ही दौड़ते है अवैध ऑटो पुलिस कब करेगी ऐसे अवैध ऑटो और चालकों पर कार्रवाई

***अन्य खबरों के लिए देखे***
**WWW.KNLSIVE.COM**

# ऑटो चालक और उसके दोस्तों ने मिलकर युवती के साथ किया गैंगरेप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-ऑटो चालक और उसके दोस्तों ने मिलकर युवती के साथ किया गैंगरेप रामबाग से ऑटो में बैठी थी युवती बुढ़िया के ताल पर ऑटो चालक ने दो दोस्तों को ऑटो में बैठाया बुढ़िया के ताल पर गेंहू के खेत में ले जाकर युवती के साथ गैंगरेप की घटना को दिया अंजाम ऑटो चालकों का लगातार बढ़ रहा आतंक रामबाग से दर्जनों की संख्या में अवैध रूप से चल रहे ऑटो फर्जी नंबर और फर्जी रजिस्ट्रेशन पर चल रहे ऑटो अधिकतर लूट और टप्पे बाजी की वारदात को अंजाम देते है अवैध ऑटो चालक कई बार ऑटो चालकों द्वारा अंजाम दी जा चुकी हैं लूट, टप्पेबाजी और दुष्कर्म जैसी घटनाएं रामबाग पुलिस चौकी के सामने ही दौड़ते है अवैध ऑटो पुलिस कब करेगी ऐसे अवैध ऑटो और चालकों पर कार्रवाई

# शराब के एक पउवे को लेकर की गई थी युवक की हत्या, तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा करीब 3 दिन पूर्व नगर क्षेत्र में हुई ट्रक चालक कासेद अंसारी हत्याकांड का सफल अनावरण, शराब के एक पउवे को लेकर की गई थी युवक की हत्या, तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत रेलवे रोड के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्धावस्था में पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई, इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर जामातलाशी में मृतक के कपड़ो से प्राप्त ड्राइविंग लाइसेंस तथा परिजनों के आने के बाद ज्ञात हुआ की शव मोहम्मद कासेद अंसारी पुत्र मोहम्मद अंसारी निवासी मोहनडीह थाना पिंड्राजोरा जनपद बोकारो, झारखंड का है। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं - 131 / 22 धारा 147, 302, 201, 34 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया



गया अनावरण तथा गिरफ्तारी- दिनांक 07.03.2022 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज तथा घटनास्थल के आस-पास के लोगों से की गई जानकारी से घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त तीन अभियुक्तगण को रोडवेज बस स्टैण्ड एटा के पास से समय करीब प्रातः 07.20 बजे गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मोहम्मद कासेद अंसारी की हत्या किए जाने की घटना का इकबाल किया गया है। 1. मृतक के परिजनों द्वारा जानकारी दी गई कि मृतक कासेद अंसारी टाटा मोटर्स कम्पनी जमशेदपुर में बतौर चालक / हैल्पर नौकरी करता था, टाटा मोटर्स कम्पनी जमशेदपुर से गाड़ियों के चैसिस लेकर एटा आया था। 2. अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 04.03.2022 को अपने दो अन्य साथियों सचिन पुत्र रामसेवक शर्मा तथा गौरव पुत्र लक्ष्मण सिंह के साथ रेलवे रोड अरुणा नगर की तरफ स्थित देशी शराब के ठेके पर शराब पी थी, जहाँ मृतक भी शराब पी रहा था। 3. शराब पीने के दौरान नशे में मृतक ने अभियुक्तों का एक पउआ उठाकर पी लिया तो अभियुक्तों ने जबरन उसके पैसों से शराब के पउआ खरीदवाए और सभी वही बैठकर शराब पीते रहे। 4. मृतक की जेब में भी एक शराब का पऊआ रखा था, जिसे अभियुक्तों ने मृतक से छीनना चाहा विरोध करने पर अभियुक्तों ने मृतक के साथ मारपीट कर दी, इसी बीच मोहल्ले के एक व्यक्ति तथा ठेके वाले ने उन सभी को वहाँ से बाहर निकाल दिया। आस-पास के दुकानदारों ने उनका बीच बचाव कर दिया, जहाँ से मृतक रेलवे रोड तिराहे की तरफ चला गया।

# निधौली कला थाना के ग्राम नगला बन्दी में निकला अजगर साँप



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-निधौली कला थाना के ग्राम नगला बन्दी में निकला अजगर साँप, अजगर साँप निकलने की सूचना पर गांव में दहशत का माहौल, कोतवाली देहात के गांव नगला समल में भी टाइगर निकल चुका है, टाइगर रेस्कुय के एक घंटे बाडुद निधौली कला थाना के गांव नगला बंदी में अजगर निकलने से मचा हड़कंप, अजगर निकलने की सुचना पर निधौली कला थाना पुलिस पहुंची घटनास्थल

## प्रशासनिक टीम ने रुकवाया 15 वर्षिय बालिका का बाल विवाह



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ग्रामीणों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भंवराही पुलिस चौंकी बसदेई, वि0ख0 भैयाथान में एक 15 वर्षिय मुस्लिम लड़की का विवाह घर वाले कर रहे हैं। बारात मध्यप्रदेश के अनुपपुर से आने वाली है। प्राप्त सूचना की जिला बाल संरक्षण टीम को मिली। उक्त निर्देश पर उम्र के सत्यापन हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन ओड़गी को दी गई। घर वाले बताये की बालिका कोई स्कूल में नही पढ़ी है केवल मदरसा में गई है। पता करने पर पता चला कि बालिका गांव के ही एक स्कूल में पांच साल पढ़ी है। स्कूल से जन्म तिथि पता करने पर बालिका मात्र 15 वर्ष 03 माह की निकली। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने परिजनों को समझाईस दिया कि यदि बाल विवाह होता है तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत् कार्यवाही होगी और यदि बिना विवाह के भी बालिका चली जाती है तो अपहरण का अपराध दर्ज होगा। मोबाईल के माध्यम से दुल्हे एवं उसके पिता को भी समझाईस दिया गया। सभी विवाह बाद में करने को राजी हो गये।

कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, अखिलेश सिंह, जैनेन्द्र दुबे, माया चन्द्रकला जायसवाल, हर गोविन्द चक्रधारी, राधा यादव, अनवरी खातुन, पुलिस बसदेई से आरक्षक अमित कुमार, ओमप्रकाश सिंह, संगीत कुमार, कृष्ण दुबे एवं बृजेश साहू उपस्थित थे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## महंगाई भत्ता संघर्ष मोर्चा ने दिया,मुख्यमंत्री को ज्ञापन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- महंगाई भत्ता संघर्ष मोर्चा ( छत्तीसगढ़ राज्य के मंत्रालय संचनालय एवं समस्त कार्यालयीन कर्मचारियों अधिकारियों शिक्षकों का संयुक्त फोरम ) विकास खंड प्रतापपुर ने तहसीलदार के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को प्रदेश में लंबित 14त्नमहंगाई भत्ता जारी करने एवं गृह भाड़ा भत्ता को सातवें वेतनमान के आधार पर पुनरीक्षित किये जाने हेतु ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के ब्लॉक संचालक एवं शिक्षक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश मोहन मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कर्मचारी बढ़े महंगाई से पीड़ित हैं एवं शासन को शीघ्र केंद्र सरकार के समतुल्य महंगाई भत्ता जारी करना चाहिए। मोर्चा के ब्लॉक संयोजक एवं टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने कहा कि शासन को उक्त मांग पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिये,मांगे पूरी न होने पर मोर्चा के तय कार्यक्रम अनुसार राजधानी रायपुर में 11 मार्च को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। एवं 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक सभी कर्मचारी सामूहिक अवकाश ले कर जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। तत्पश्चात अनिश्चित कालीन हड़ताल की घोषणा भी होगी। कार्यक्रम में संघर्ष मोर्चा के समस्त ब्लॉक संचालक गण सहित मोर्चा के सदस्य व पदाधिकारी के रूप में सचिन कुमार जायसवाल, दीपक कुमार झा रतन साय केशरी, ननकु राम, प्रशांति कुजूर, संजय यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव, मोतीलाल सिंह, विजय पटेल बीरेंद्र सिंह, मनीजर धुर्वे, रामचंद्र सिंह, के आर सिंह, बीरेंद्र शर्मा निखिल त्रिपाठी, सत्यानंद जायसवाल, बनवारी जायसवाल भैया लाल केहरि, अनिल सिंह, बीरेंद्र पंकज कृपाल नाथ तिवारी, योगेश मराठा, गोपेश्वर साहू श्याम सिंह, ललित पटेल, संजय चतुर्वेदी, सनवारी राम, विष्णु जयसवाल, बिजेंद्र सिंह, सविता खलखो,बैशाखो, बृजकिशोर शुक्ला, रमेश तिवारी अमित गुप्ता संजय सिंह, इंद्रावती, भैयालाल केहरि, कुमेश्वर तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद जैसवाल बीरेंद्र सिंह, नित्यानंद मिश्र , बंधन राम, बसकृति सिंह, झगरू राम, रामभगत पोया, मनीषा वर्मा, बासदेव सिंह, मोहर साय,दुबराज,सुबास राम, रामचंद्र यादव, रेवती रमन सिंह, रमाकांत यादव, बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी सदस्य उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर खम्हारडीह से नेवारी मोड़ तक निकली गई 350 फीट लंबा विशाल तिरंगा यात्रा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बगदरा अभ्यारण इकाई द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर खम्हारडीह से नेवारी मोड़ तक निकली गई 350 फीट लंबा विशाल तिरंगा यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बगदर अभ्यारण इकाई द्वारा ग्राम खम्हारडीह में सरस्वती शिशु मंदिर से नेवारी मोड़ तक 350फीट लंबा विशाल तिरंगा यात्रा निकला गया साथ ही साथ भारत माता,महात्मा गांधी,भगत सिंह,रानी दुर्गावती की झांकी भी प्रस्तुत किया गया एवम लोग व छात्र - छात्रा देश भक्ति से ओतप्रोत होकर नाचते गाते भी रहे साथ ही यात्रा समापन के दौरान मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम छात्र छात्राओ को पुरस्कृत भी किया गया एवम धूम धाम से भारत माता की आरती भी आयोजित की गई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे श्री अनिल उपाध्याय टीआई महोदय गढ़वा,विशिष्ट अतिथि के रूप में शुशील कुमार साकेत एबीवीपी जिला सह- संयोजक,मुन्नालाल सिंह गुर्जर,गोरानाथ जायसवाल,राम दयाल सिंह,अजीत सिंह चंदेल अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे श्री मोहन सिंह गुर्जर जी रहे।,इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेंद्र सिंह इकाई अध्यक्ष एबीवीपी बगदरा ,लाल सुंदर सिंह इकाई प्रमुख,ब्रिजेश कुमार सिंह प्रांत कार्यकरणी सदस्य एवम नगरमंत्री,पुण्य प्रताप सिंह विद्यालयीन प्रमुख,पवन गुप्ता क्रीड़ा प्रमुख,शिव कुमार सिंह, प्रदुम्न जायसवाल,प्रमोद गुर्जर,भैया लाल गुर्जर,रामनरेश कोल,मुन्नालाल जायसवाल,अमरेश बैस,स्वतंत्र जायसवाल,जीवेंद्र जायसवाल,विजय बहादुर सिंह गुर्जर,राजेश्वर जायसवाल,संजय ,लाल बहादुर पटेल, शकुंतला बैस,कविता वर्मा,ज्योति गुर्जर, ऊषा विश्वकर्मा,पवन पनिका,प्रिंस गहरवार , प्रिया जायसवाल, पुष्पा, रोशनी, विनीता, उजाला आशीष विश्वकर्मा सहित हजारों की संख्या में छात्र - छात्रा एवम ग्रामवासी गणमान्य नागरिक जन उपस्थित रहे।